## महत्वपूर्ण एवं खास

### टमाटर की फसल को हाथियों ने रौंदा, घरों को भी पहुंचाया नुकसान

**जशपुर (आरएनएस)।** पत्थलगांव क्षेत्र में हाथियों ने किसानों की टमाटर सहित अन्य फसलों को रौंदने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। वन कर्मचारियों के दल ने आज बीती रात को रेड़े गांव का रिहायशी इलाके से दो हाथियों को खदेड़ कर एक घर से दो बुजुर्ग लोगों को निकाल कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, ये लोग बाल बाल बच गए। दो दिन से इन हाथियों ने पत्थलगांव का पेमला, रेड़े और सरईटोला गांव में पहुंच कर बार बार उत्पात मचाया है। हाथियों ने किसानों के खेतों में सागसब्जी की फसल तथा घरों को रौंद कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया है। इस के साथ यंहां रखे अनाज को भी सफाचट कर डाला। आज सुबह ये हाथी पेमला स्कूल के समीप विचरण कर रहे थे। इसके बाद वन कर्मियों ने आसपास के 3 गांव में अलर्ट रहने को कहा है। कल यंहा हाथियों के विचरण के बाद स्कूली बच्चों की छुट्टी कर दी गई थी। वन विभाग के कर्मचारी लगातार इन हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख कर पहले से ही सतर्क रहने की हिदायत दे रहे हैं।

### युवती को किया आग के हवाले, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा में शादी से इंकर करने पर युवती के शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दिया। जिससे युवती झुलस गई। युवती की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुमारी पूर्वी झा 20 वर्ष गाजीनगरर बीरगांव का रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा स्थित सुरक्षा ऑफिस में काम करती है। जहां आरोपी जीवन लाल दुबे 24 वर्ष प्रार्थिया के पास आया और शादी करने के लिए कहा। जिससे प्रार्थिया ने इंकार किया तो आरोपी ने उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दिया। जिससे प्रार्थिया झुलस गई। प्रार्थिया को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं आरोपी को धारा 452, 307, 342 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को रौंदा

**रायपुर (आरएनएस)।** जोरा स्थित एसबीआई बैंक के पास अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक भेकलाल यादव 34 वर्ष लाभांडी का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल रात वह पैदल अपने घर जा रहा था। तभी जोरा के एसबीआई बैंक के पास अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नर सांभर की लाश मिलने से वन अमले सकते में

**पलारी-रायपुर (आरएनएस)।** सोनाखान वन परिक्षेत्र में वन्यप्राणी की मौत का दूसरा मामला भी सामने आ गया है। आज परिक्षेत्र में एक नर सांभर मृत अवस्था में मिला। आशंका जताई जा रही है कि आवारा कुत्तों के काटने-नोचने से सांभर की मौत हुई होगी। बहरहाल वन अमला इसकी जांच में जुट गया है। सूत्रों ने बताया कि पूरा मामला कसडोल विकासखंड अंतर्गत आने वाले सोनाखान वन परिक्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि, सोनाखान वन परिक्षेत्र में एक हफ्ते के अंदर वन्यप्राणी की मौत का यह दूसरा मामला है। ग्रामीण से मिली जानकारी के अनुसार सोनाखान वन परिक्षेत्र के देवतराई बीट में एक बड़ा सांभर मृत पड़ा था। ग्रामीणों की इस पर नजर पड़ते ही उन्होंने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग के अफसरों घटना स्थल पहुंच कर मृत वन्य प्राणी का पंचनामा किया । ऐसी आशंका जताई जा रही है कि, पहले वाले सांभर की मौत का कारण आवारा कुत्तों का हमला या बीमारी हो सकती है।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन अविश्वास प्रस्ताव पेश, बृजमोहन के भाषण पर जमकर हंगामा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल द्वारा पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव के साथ आरोप पत्र को आसंदी ने अनुमति नहीं दी। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में किसान परेशान हैं। उन्हें खाद बीज नहीं मिल रहा। गरीब परेशान हैं।उन्हें छत नहीं मिल रही। लोग परेशान हैं कि उन्हें पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा। न स्कूल की सही व्यवस्था है और न ही इलाज के लिए अस्पताल की। अंतर्विरोध की इस सरकार से कोई भी खुश नहीं है उन्होंने रविंद्र चौबे से कृषि मंत्रालय ले लिए जाने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बीमारी की अवस्था में उनसे विभाग छीना गया। इस सरकार में विधायक मंत्री से खतरे का आरोप लगाते हैं विधायक कहते हैं कि डीएमएफ में बंदरबांट हो रही है। सरकार पर इसके विधायकों का विश्वास

नहीं है। मुख्यमंत्री को मंत्रियों पर विश्वास नहीं है। मंत्रियों को मुख्यमंत्री पर विश्वास नहीं है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति मामले में सरकार पर निशाना साधते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास में गेड़ी चढऩे से क्या छत्तीसगढ़ की संस्कृति का विकास हो जाएगा। हम ऐसी संस्कृति नहीं चाहते कि 6 करोड में माता कौशल्या का मंदिर और 25 करोड़ रुपये इवेंट कंपनी को दिए जाएं। बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार पर राशन घोटाले से लेकर शराब घोटाले तक कई आरोप लगाए। बृजमोहन के 1 घंटे के भाषण के दौरान कांग्रेस की ओर से मंत्रियों ने लगातार टोका टाकी की। दोनों पक्षों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाते रहे। बृजमोहन के आरोपों के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव में कोई तथ्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हम कर्ज लेकर धान खरीदी करते हैं। प्रधानमंत्री किसानों से असत्य कह गए कि केंद्र सरकार धान खरीदी करती है। बृजमोहन अग्रवाल ने सत्र के पहले दिन युवाओं के प्रदर्शन को लेकर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार निर्वस्त्र हो गई है। इस पर सत्ता पक्ष ने जमकर विरोध किया।

### गोठान भ्रष्टाचार के आरोप पर भारी हंगाम

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन आज विपक्ष ने प्रदेश के गोठानों में चल अनियमितता का आरोप लगाया। भाजपा सदस्यों ने गोबर खरीदी में 229 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसकी तुलना बिहार के चारा घोटाले से कर दी । इस पर सत्ता पक्ष भी बिफर गया। विपक्ष ने अध्यक्ष से इस मामले की जांच विधानसभा की कमेटी से कराने की मांग की।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने यह मामला उठाते हुए राज्य सरकार पर गोठानों में गोबर खरीदी में जमकर अनियमितता का आरोप लगाया । उन्होंने विभागीय मंत्री से पूछा कि गोठानों से कितनी गोबर खरीदी हुई और उसका कितना भुगतान किया गया है । कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि 246 करोड़ की खरीदी की गई और 17 करोड़ का गोबर बेचा गया है। भाजपा सदस्य सौरभ सिंह, अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, धरमलाल कौशिक ने भी चर्चा में भाग लेते हुए पूछा कि खरीदी और बिक्री की राशि में 229 करोड़ का अंतर है ये राशि कहां गई। विपक्ष ने कोरबा और जांजगीर जिले का उदाहरण देते हुए बताया कि सरकार की ओर से आए लिखित जवाब में इन दोनों जिलों में स्वीकृत से अधिक गोठान बना दिए गए। इसकी आड़ में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है।

भाजपा सदस्य सौरभ सिंह ने बताया कि अकलतरा ब्लॉक में एक ही परिवार के 3 सदस्यों को गोबर बेचने के नाम पर 6 लाख से अधिक का भुगतान कर दिया गया जबकि इनके घर में एक भी गाय नहीं है। ऐसा ही प्रदेश भर में हुआ है । भाजपा सदस्यों ने पूरे मामले की जांच सदन की कमेटी से कराने की मांग की जिसके लिए विभागीय मंत्री तैयार नहीं हुए, जिस पर विपक्ष ने सदन में जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान आसंदी पर बैठे अध्यक्ष चरणदास महंत लगातार विपक्ष को समझाइश देते रहे।

## सरकार ने 37 हजार कर्मचारियों का बढ़ाया वेतन, लेकिन अब भी मांग पर अड़े कर्मी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाला है. इससे पहले सरकार ने आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को संतुष्ट करने के लिए घोषणाएं की हैं। सीएम भूपेश बघेल ने 37 हजार संविदा कर्मचारियों की सैलरी में 27 प्रतिशत की वृद्धि की है. इसके अलावा, लगभग 5 लाख शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है. इसके बावजूद भी अब आंदोलन कर रहे कर्मचारियों ने सरकार की घोषणाओं पर संतुष्ट नहीं है.

दरअसल बुधवार को मानसून सत्र के दूसरे दिन सीएम भूपेश बघेल ने कई बड़ी घोषणाएं की है. इसमें ज्यादातर घोषणाएं आंदोलन कर रहे कर्मचारियों के लिए है. दैनिक वेतन भोगी के वेतन में 4000 रुपए मासिक वृद्धि की गई है.1650 अतिथि

शिक्षकों के वेतन में 2 हजार रुपए मासिक बढ़ोत्तरी की गई है.6000 पटवारियों को 500 रुपए मासिक संसाधन भत्ता देने का फैसला हुआ है. वहीं 10 हजार पंचायत सचिवों को 2500 से 3000 रुपए मासिक दिया जाएगा. इसके अलावा उन्हें 10 लाख रुपए तक की उपादान राशि और पांच लाख रुपए तक चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ भी दिया जाएगा।

**सीएम के घोषणा से केवल 5 से 7 हजार कर्मचारियों के मिलेगा फायदा-** सरकार के घोषणाओं के बाद अब आंदोलन कर रहे कर्मचारियों की तरफ से प्रतिक्रिया आने लगी है.नया रायपुर में 3 जुलाई से 45 हजार कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है. अनियमित संघ के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेश तिवारी ने कहा कि यह वेतन वृद्धि हमारे जख्म में नमक छिडक़ने के बराबर है. क्योंकि वेतन वृद्धि का लाभ केवल 5000 से 7000 संविदा कर्मचारियों को ही मिल पाएगा और इन कर्मचारियों को भी पिछले चार साल से नहीं दिया गया था. संविदा कर्मचारी वर्तमान में नियमितिकरण के लिए आंदोलनरत हैं. जब तक सरकार नियमितिकरण के लिए संवाद स्थापित नहीं करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा.

## लग्जरी कार से गांजा की तस्करी करते दो गिरफ्तार, 543500 मूल्य का मादक पदार्थ गांजा बरामद

**बालोद-रायपुर (आरएनएस)।** होण्डा सिटी कार में लाखों की गांजा तस्करी की सूचना पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं, इसके अलावा उनके कब्जे से 5 लाख से अधिक का गांजा बरामद किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि पुरूर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग के होण्डा सिटी कार में बड़ी मात्रा में गांजा की तस्करी की जा रही है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर कांकेर से रायपुर की ओर आ रही संदिग्ध कार को रूकवाया।

इस कार में दो युवक सवार थे। पूछताछ करने पर ड्रायवर सीट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम मंजित सिंह पिता वीरेन्द्र सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी नगला कारे मनकेड़ा थाना मलपुरा जिला आगरा उ0प्र0 एवं बगल सीट पर बैठा व्यक्ति अपना नाम परमवीर सिंह पिता मोहन सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी नगला कारे मनकेड़ा थाना मलपुरा जिला आगरा उ0प्र0 का रहने वाल बताया। तलाशी लेने पर 27 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कीमत 543500 रू0 मिला।

## बैंक लूटने की सीक्रेट प्लानिंग: एटीएम से पहले 3 लाख, फिर 6 लाख, अब लाखों उड़ाने की थी साजिश

❐ पुलिस के हत्थे चढ़े 'कन्नौज गिरोह' के 3 शातिर

**गरियाबंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में अब शातिरों की कमी नहीं है. शातिर बदमाश नए नए तरीके से वारदात को अंजाम दे रहे हैं. ATM से छेड़छाड़ कर लाखों रुपये पार कर रहे हैं. CCTV के बाद बैंक लूटने की साजिश थी, लेकिन उससे पहले

शातिरों का भंडाफोड़ हो गया. कोतवाली स्थित सहकारी बैंक में लूट को अंजाम दिया था. वारदात के 24 घंटे भीतर गरियाबंद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा है. पहले 3 लाख उड़ाए, फिर 6 लाख की धोखाधड़ी की. शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कई सीक्रेट राज उगलवा रही है।

दरअसल, कोतवाली पुलिस ने 3 लाख 48 हजार की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था. शातिरों ने राजिम में 6 लाख से ज्यादा की ठगी करना स्वीकार किया है. मामले में कन्नौज गिरोह के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों के पास से 31 नग एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं।

मामला जिला गरियबांद के सिटी कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत् नगर में स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा गरियाबंद का है. जहां के शाखा प्रबंधक हरिराम ध्रुव पिता स्व0 देवसिंग ध्रुव ने गरियाबंद थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई.

## राज्य सूचना आयोग ने दो जन सूचना अधिकारियों पर लगाया अर्थदंड

❐ तहसीलदार और उप अभियंता पर 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने सूचना देने में लापरवाही बरतने पर दो जन सूचना अधिकारियों पर 25- 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। इन अधिकारियों में एक तत्कालीन तहसीलदार और एक तत्कालीन उप अभियंता शामिल है।

राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन के निराकरण में लापरवाही बरतने

और समय सीमा में क्रियान्वयन नहीं किये जाने पर संबंधित जनसूचना अधिकारियों पर यह अर्थदंड लगाया है। एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान पाया गया कि रायपुर तहसील के तत्कालीन जन सूचना अधिकारी को मार्च 2019 में आवेदक द्वारा सीमांकन से संबंधित दस्तावेजों आदि का अवलोकन करने का आवेदन दिया गया था। किंतु जन सूचना अधिकारी के द्वारा 3 वर्ष विलंब से आवेदक को अवलोकन के लिए सूचना जारी किया गया। इस संबंध में आयोग के द्वारा तत्कालीन जन सूचना अधिकारी को जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया गया, जिसका कोई जवाब उनके द्वारा नहीं दिया गया। इस कारण से तत्कालीन जन सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर एवं वर्तमान में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर अमित बेक पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। एक अन्य प्रकरण में नगर पालिका रतनपुर के तत्कालीन जन सूचना अधिकारी द्वारा नामांतरण संबंधी फाइलों से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी आवेदक के द्वारा चाहे जाने के विषय पर मूल आवेदन का समय सीमा में निराकरण नहीं करने और आयोग को जवाब नहीं प्रस्तुत करने के कारण तत्कालीन जन सूचना अधिकारी एवं उप अभियंता एवं वर्तमान में नगर पालिका परिषद बड़े बचेली जिला दंतेवाड़ा में पदस्थ देवेंद्र पहाड़ी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड आरोपित किया गया है। अर्थदंड की राशि शासकीय कोष में जमा करने के लिए संबंधित जन सूचना अधिकारियों के नियंत्रण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## राजधानी में कारोबारी ने की करोड़ों की हेराफेरी, अपनी ही कंपनी में भाई को दिया धोखा, फर्जी हस्ताक्षर कर शेयर होल्डर पोजिशन से हटाया

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के कारोबारियों पर करोड़ों रुपये के हेराफेरी मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है. करोड़ों की कंपनी के मालिक ने अपने घर वालों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है. पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ 420, 409, 469, 471, 120 बी के तहत केस दर्ज किया है. इस मामले में पुलिस ने अभी किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की है. इस केस में पुलिस जांच कर रही है. यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, टैगोर नगर निवासी अभय गोयल

(39 वर्ष) ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उमंग गोयल, लक्ष्मी गोयल, अनुज गोयल और रुचिका गोयल ने पारिवारिक कंपनी में गड़बड़ी की. शिकायतकर्ता अभय और उसकी पत्नी इस कंपनी में शेयर होल्डर थे. जनवरी से जुलाई के बीच उमंग ने शिकायतकर्ता की मां के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर कंपनी के नाम पर 1 करोड़ 31 लाख 39 हजार 5 सौ 29 रूपये लिए. शेयर होल्डर से अभय और उसकी पत्नी को हटा दिया। रकम का खुद इस्तेमाल कर लिया। पुलिस ने अब मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

अभय ने शिकायत में कहा कि कथित रूप से कंपनी में कार्यरत बबलू और मेरी माता रानी गोयल के कूटरचित हस्ताक्षर किये गये और उक्त दस्तावेज को ही हमे प्रेषित पत्रों के तामीली का आधार बनाया गया. हमारी माता रानी गोयल हिन्दी में हस्ताक्षर करती है जबकि हमे प्रेषित पत्र की तामीली संबंधी दस्तावेज में उनका अंग्रेजी में हस्ताक्षर किया गया है. उक्त कूटरचित दस्तावेज का उपयोग कर उमंग गोयल, लक्ष्मी गोयल, अनुज गोयल और उसकी पत्नि रूचिका गोयल ने मुझे और मेरे पिता को कंपनी के डायरेक्टर पद से आवैधानिक रूप से हटा दिया गया और प्रति वर्ष कंपनी के व्यवसाय से मिलने वाले आर्थिक लाभ से भी हमे वंचित किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने ली विशेष मिशन इन्द्रधनुष 5.0 की बैठक

❐ विशेष मिशन का पहला राउंड 7 से 12 अगस्त के मध्य होगा

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग और डब्ल्यूएचओ के सौजन्य से "इन्द्रधनुष 5.0" विषय पर बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए प्लानिंग और मॉनिटरिंग की जरूरत होती है। इसलिए सभी वर्कर इस कार्य में अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करें।

डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. प्रशांत ने बैठक में प्रजेंटेशन दिया। इस इन्द्रधनुष मिशन के सर्वे अनुसार 11 जिला हाईरिस्क की श्रेणी में है, उनमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला भी शामिल है। इस मिशन को पूरा करने के लिए जिले के गांवों और नगरीय निकायों में पिछड़े और स्लम एरिया को केन्द्रित कर टीकाकरण किया जाना है। विशेष मिशन इंद्रधनुष 5.0 के अंतर्गत शून्य से दो वर्ष की आयु के बच्चे जिनका टीकाकरण अधूरा है या हुआ ही नहीं है उनको सारे टीके लगाए जाएंगे। दो से पांच वर्ष की आयु के बच्चे जिनका गोवर और रूबेला का पहला व दूसरा डोस रह गया है, उन्हें टीके लगाए जाएंगे। अगर डीपीटी व ओरल पोलियो टीके का बूस्टर डोस रह गया है तो वह भी लगाया जाएगा। अगस्त 2018 या उसके बाद पैदा हुए बच्चों का इसमें समावेश होगा। गर्भवती महिलाओं का इसमें टीकाकरण किया जाएगा। यह मिशन अगस्त से तीन चरणों में चलाया जाएगा। इस विशेष मिशन के लिए टीकाकरण से पूरी तरह या आधे-अधूरे रूप से वंचित बच्चे और गर्भवती माताओं को ढूंढकर उन्हें टीका लगाने का काम किया जाएगा। इसमें नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से इस मिशन को पूरा किया जाएगा। विशेष मिशन इंद्रधनुष 5.0 का पहला राउंड - 7 से 12 अगस्त 2023, दूसरा राउंड - 11 से 16 सितंबर 2023 और तीसरा राउंड- 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक होगा। बैठक में सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला, जिले के सभी बीएमओ, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, डीईओ डेजी रानी जांगड़े, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, बी. एक्का, सीएमओ राजेश पांडेय, आयुर्वेद डॉ. पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के कृष्णा साहू उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि आज के बच्चे कल का भविष्य है। इसलिए बच्चो को निरोगी और स्वस्थ रखने के लिए टीकाकरण उनका करवाना बहुत ज़रूरी है। इस मिशन में जीरो डोस, छूटे डोस, टीकाकरण से पूरी तरह वंचित रहने वाले क्षेत्र, ज्यादा समय तक टीकाकरण के सत्र ना लिए हुए क्षेत्र, टीकाकरण को सहयोग ना देने वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाने वाला है। टीकाकरण, बच्चों में मौत और बीमारियों की मात्रा कम करने के लिए एक प्रभावी साधन है। केंद्र सरकार ने दिसंबर 2023 तक गोवर और रूबेला को दूर करने का लक्ष्य निश्चित किया है और सरकार ने विशेष मिशन "इंद्रधनुष 5.0" शुरू किया है।